<u>नराकास जोरहाट की 39वीं बैठक में व.व.अ.सं.,जोरहाट को प्रथम पुरस्कार</u>

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोरहाट की 39वीं अर्धवार्षिक बैठक दिनांक 21 नवम्बर, 2022 (सोमवार) को अपराह्न 03.00 बजे उत्तर-पूर्व विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोरहाट के सेंटर फॉर पेट्रोलियम रिसर्च भवन स्थित एम एस अयंगर सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। बैठक निस्ट, जोरहाट के निदेशक महोदय के प्रतिनिधित्व में डॉ. जयंत ज्योति बोरा, मुख्य वैज्ञानिक की अध्यक्षता में आहूत किया गया।

बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर) गुवाहाटी के उपनिदेशक एवं कार्यालय प्रधान श्री बदरी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। बैठक में जोरहाट शहर में स्थित सभी नराकास सदस्य बैंक, उपक्रम, केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के प्रधान एवं उनके कार्यालय में राजभाषा कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी ने सहभागिता की। वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट से संस्थान के निदेशक एवं वैज्ञानिक-जी डॉ. आर. के. बोरा तथा राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य देख रहे कनिष्ठ अनुवादक श्री शंकर शॉ ने बैठक में सहभागिता किया। बैठक में श्री शंकर शॉ द्वारा वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट की राजभाषा कार्यान्वयन पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोरहाट के लगभग 55 सदस्य कार्यालयों के बीच वर्ष 2021-22 के दौरान राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप-निदेशक के कर कमलों से प्रथम पुरस्कार से अलंकृत किया गया। वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट की ओर से पुरस्कार ग्रहण कार्यालय प्रमुख डॉ. आर. के. बोरा ने किया।

GOVERNMENT OF INDIA
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

डॉ. आर. के. बोरा, निदेशक, व.व.अ.सं., जोरहाट को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करते हुए श्री बदरी यादव, उपनिदेशक एवं कार्यालय प्रधान, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर) गुवाहाटी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

***